# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र
## कक्षा XI (2022-23)
## हिंदी (ऐच्छिक) (002)

**अधिकतम अंक-80** **अवधि: 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश:- निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए –**

- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब' । कुल प्रश्न 14 हैं ।**
- **खंड 'अ' में कुल 48 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**
- **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

| प्रश्न सं. | खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**<br>अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी अधिकारों की जननी मानी जाती है। यह सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर जनमत तैयार करती है। अगर लोकतंत्र का मतलब लोगों का, लोगों द्वारा शासन है तो स्पष्ट है कि हर नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार है और अपनी इच्छा से नेता चुनने के बौद्धिक अधिकार के लिये सार्वजनिक मुद्दों पर स्वतंत्र विचार, चर्चा और बहस ज़रूरी है। इससे न सिर्फ लोकतंत्र को मज़बूती प्रदान की गई है बल्कि तार्किक चयन की स्वतंत्रता प्रदान कर बाज़ार-आधारित अर्थव्यवस्था के विकास, समाज में संवाद अंतराल और सामाजिक तनाव को कम किया है। संवाद के माध्यम से अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों एवं रूढ़ियों पर भी प्रहार किया गया है तथा मानव की तार्किक क्षमता, साहस तथा नवाचारी प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया गया है, जिसके कारण भारत का आधुनिकीकरण संभव हो पाया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ने शासन-प्रशासन के विरुद्ध पनप रहे जनता के गुस्से से सरकार को अवगत करवाया है, जिससे अराजकता रुकती है एवं लोकतंत्र मज़बूत होता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जब अपनी सीमा का उल्लंघन करती है तो सामाजिक अराजकता का कारण बनती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन का मूल आधार है, परंतु समाज को अराजकता से बचाने के उद्देश्य से इस पर सीमित मात्रा में तार्किक प्रतिबंध आरोपित किये गए हैं, जहाँ प्रक्रिया एवं विषय-वस्तु दोनों का तार्किक होना अनिवार्य है। संविधान द्वारा इस पर लोक व्यवस्था, राष्ट्र की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध, अपराध को बढ़ावा देना, सदाचार, नैतिकता, न्यायालय की अवमानना तथा मानहानि के आधार पर प्रतिबंधों को आरोपित किया गया है। लोकतंत्र एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इनमें से किसी पर भी आँच आने पर दूसरा स्वत: ही विलुप्ति की कगार पर पहुँच जाता है, जो जनमत पर तानाशाही की स्थापना को बढ़ावा देता है। पत्रकारिता के संबंध में अधिकार एवं उत्तरदायित्व में संतुलन करना आवश्यक है। इसी प्रकार घृणा-संवाद एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मध्य अंतर को समझना भी बहुत ज़रूरी है। मज़बूत लोकतंत्र हेतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ उसकी सीमा का तय होना भी आवश्यक है। इन दोनों में पूरकता के संबंध को स्वीकार करते हुए बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्र लगातार प्रगति के रास्ते पर अग्रसर हो सके, समाज समावेशी बने एवं विश्व में भारतीय संविधान जो कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हेतु प्रसिद्ध है, की गरिमा बरकरार रहे। | **1x10= 10** |
| **(i)** | लोकतंत्र का आधारभूत दूसरा पक्ष क्या है?<br>(क) धर्म की स्वतंत्रता<br>(ख) रोजगार की स्वतंत्रता<br>(ग) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) व्यापार की स्वतंत्रता | |
| **(ii)** | सार्वजनिक मुद्दों पर स्वतंत्र विचार, चर्चा और बहस क्यों ज़रूरी है?<br>(क) ताकि लोकतंत्र का नेतृत्व सही हाथों में हो<br>(ख) ताकि आरामदायक जीवन जिया जा सके<br>(ग) ताकि राजनीतिक दलों पर आरोप मढ़ा जा सके<br>(घ) ताकि अपने अपने स्वार्थ सिद्ध किए जा सके | |
| **(iii)** | सामाजिक तनाव और सामाजिक विद्वेष को किससे समाप्त किया जा सकता है?<br>(क) तानशाही से<br>(ख) परस्पर संवाद से<br>(ग) धन-बल के प्रभाव से<br>(घ) वर्ग भेद से | |
| **(iv)** | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कब सामाजिक अराजकता का कारण बनती है?<br>(क) जब अभिव्यक्ति अपनी सीमा का उल्लंघन करती है<br>(ख) जब अभिव्यक्ति अपनी सीमा में होती है<br>(ग) जब अभिव्यक्ति समरसतापूर्ण होती है<br>(घ) उपर्युक्त सभी | |
| **(v)** | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश से किसे बढ़ावा मिलता है?<br>(क) लोकशाही<br>(ख) राजशाही<br>(ग) तानाशाही<br>(घ) प्रजाशाही | |
| **(vi)** | भारत के आधुनिकीकरण को संभव बनाने में निम्न में से किसका योगदान नहीं है?<br>(क) नागरिकों की तार्किक क्षमता<br>(ख) भारतीयों की नवाचारी प्रवृत्ति<br>(ग) अन्धविश्वास और कुप्रथाएँ<br>(घ) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता | |
| **(vii)** | अधिकार एवं उत्तरदायित्व में संतुलन करना आवश्यक क्यों है?<br>(क) अधिकार असीमित होते हैं तथा उत्तरदायित्व सीमित<br>(ख) अधिकार लोकतांत्रिक होते हैं तथा उत्तरदायित्व निरंकुश<br>(ग) अधिकार तथा उत्तरदायित्व परस्पर पूरक होते हैं<br>(घ) अधिकार और उत्तरदायित्व एक दुसरे के विरोधी होते हैं | |
| **(viii)** | समाज को अराजकता से बचाने के उद्देश्य से किस पर सीमित मात्रा में तार्किक प्रतिबंध आरोपित किया जाना उचित है ?<br>(क) सभी प्रकार के कर्तव्यों पर<br>(ख) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर<br>(ग) नागरिकता पर<br>(घ) सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों पर | |
| **(ix)** | गद्यांश के अनुसार भारतीय संविधान पूरे विश्व में किस लिए प्रसिद्ध है?<br>(क) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता<br>(ख) अभिव्यक्ति की त्रासदी<br>(ग) अभिव्यक्ति की सीमा<br>(घ) अभिव्यक्ति की गरिमा | |

| | | |
|---|---|---|
| **(x)** | मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण तत्व है-<br>(क) परस्पर विवाद<br>(ख) परस्पर संवाद<br>(ग) निर्वैयक्तिक संवाद<br>(घ) जनतांत्रिक परिवाद | |
| **प्रश्न 2.** | **नीचे दो अपठित काव्यांश दिए गए हैं किसी एक काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-**<br>**काव्यांश – एक**<br>मन-दीपक निष्कंप जलो रे!<br>सागर की उतालु तरंगें,<br>आसमान को छु-छू जाएँ।<br>डोल उठे डगमग भूमंडल<br>अग्निमुखी ज्वाला बरसाए,<br>धूमकेतु बिजली की द्युति से,<br>धरती का अंतर हिल जाए।<br>फिर भी तुम ज़हरीले फन को<br>कालजयी बन उसे दलो रे।<br>कदम-कदम पर पत्थर, काँटे<br>पैरों को छलनी कर जाएँ।<br>श्रांत-क्लांत करने को आतुर<br>क्षण-क्षण में जुग की बाधाएँ<br>मरण गीत आकर गा जाएँ।<br>दिवस-रात, आपद-विपदाएँ<br>फिर भी तुम हिमपात तपन में<br>बिना आह चुपचाप जलो रे। | **1x8=8** |
| **(i)** | प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या करने के लिए कह रहा है?<br>(क) बाधाओं से भयभीत होकर पलायन करने के लिए<br>(ख) पतंगे के सामन दीपक में जल जाने के लिए<br>(ग) बाधाओं का सामना कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए<br>(घ) श्रांत और क्लांत होकर कर्त्तव्य-पथ बदलने के लिए | |
| **(ii)** | कालजयी बनकर कैसी बाधाओं का दलन करने को कहा गया है?<br>(क) सागर में ऊँची उठती लहरों को<br>(ख) ज्वालामुखी फटने जैसी आपदा को<br>(ग) धूमकेतु जैसी बिजली के प्रकाश से होने वाली कंपन को<br>(घ) जीवन में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के समान बाधाओं को | |
| **(iii)** | पत्थर और काँटे किसके प्रतीक हैं?<br>(क) कदम–कदम पर प्राप्त होने वाली बाधाएँ<br>(ख) नदी की तलहट में बिछे पत्थर और कांटे<br>(ग) पत्थर और काँटों से सजाया गया सुंदर उपवन<br>(घ) उपर्युक्त सभी | |
| **(iv)** | धरती का अंतर क्यों हिल जाता है?<br>(क) धरती पर बढ़ने वाले छल-प्रपंच, अत्याचार, अन्याय एवं बैरभाव के कारण | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) धरती पर धूमकेतु के बिजली के प्रकाश के कारण<br>(ग) धरती पर ज्वालामुखी के फूटने के कारण<br>(घ) अंतरिक्ष से धूमकेतुओं की वर्षा के कारण | |
| **(v)** | 'मन-दीपक निष्कंप जलो रे!' से कवि का आशय है-<br>(क) आशा रूपी दीपक का मन में दृढ़ता के साथ जलना<br>(ख) इच्छा रूपी दीपक का मन में दृढ़ता के साथ जलना<br>(ग) साहस रूपी दीपक का मन में दृढ़ता के साथ जलना<br>(घ) उपर्युक्त सभी | |
| **(vi)** | 'मन-दीपक निष्कंप जलो रे!' में कौन-सा अलंकार है?<br>(क) उपमा<br>(ख) रूपक<br>(ग) उत्प्रेक्षा<br>(घ) पुनरुक्ति | |
| **(vii)** | कवि लोगों को चुपचाप किस राह में जलने के लिए कह रहा है?<br>(क) निष्कंटक सरल राह में<br>(ख) बाधाओं और विपदाओं से भरी राह में<br>(ग) फूल और सुगंधों से भरी राह में<br>(घ) पर्वत झरने और जलाशयों से भरी राह में | |
| **(viii)** | प्रस्तुत काव्यांश में कौन-सा काव्य गुण है?<br>(क) माधुर्य<br>(ख) प्रसाद<br>(ग) ओज<br>(घ) उत्साह | |
| | **अथवा** | |
| | **काव्यांश – दो**<br>बार-बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी,<br>गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी।<br>चिंता-रहित खेलना, खाना, वह फिरना निर्भय स्वच्छंद,<br>कैसे भूला जा सकता है, बचपन का अतुलित आनंद?<br>रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिखाते थे।<br>बड़े-बड़े मोती से आँसू जयमाला पहनाते थे।<br>मैं बचपन को बुला रही थी बोल उठी बिटिया मेरी,<br>नंदन वन-सी फूल उठी यह, छोटी-सी कुटिया मेरी।<br>माँ ओ! कहकर बुला रही थी मिट्टी खाकर आई थी<br>कुछ मुख में कुछ लिए हाथ में मुझे खिलाने लाई थी<br>मैंने पूछा-"यह क्या लाई ?" बोल उठी वह-"माँ काओ"<br>हुआ प्रफुल्लित हृदय खुशी से मैंने कहा "तुम्हीं खाओ।" | |
| **(i)** | कवयित्री को बार-बार किसकी याद आती है?<br>(क) बिटिया की<br>(ख) बचपन की<br>(ग) जवानी की<br>(घ) बुढ़ापे की | |

| | | |
|---|---|---|
| **(ii)** | बचपन का आनंद कैसा होता है?<br>(क) संतुलित<br>(ख) अतुलित<br>(ग) तामसिक<br>(घ) पाशविक | |
| **(iii)** | बचपन का खेलना-खाना और घूमना-फिरना कैसा होता है?<br>(क) चिंतायुक्त और स्वच्छंद<br>(ख) चिंतामुक्त और स्वच्छंद<br>(ग) चिंतायुक्त और बंधनयुक्त<br>(घ) चिंतामुक्त और द्वंद्वयुक्त | |
| **(iv)** | कवयित्री ने किसको जयमाला के समान बताया है?<br>(क) फूलों को<br>(ख) बचपन को<br>(ग) आँसुओं को<br>(घ) हँसी को | |
| **(v)** | काव्यांश में कवयित्री ने अपने घर की तुलना किससे की है?<br>(क) नंदन-वन<br>(ख) कानन-वन<br>(ग) दंडक-वन<br>(घ) चंपा-वन | |
| **(vi)** | बचपन को बुलाने से कवयित्री का क्या आशय है?<br>(क) अपने बच्चों को बुलाना<br>(ख) स्वयं के बचपन को याद करना<br>(ग) बच्चों के बचपन की बातें करना<br>(घ) बच्चों के बचपन को याद करना | |
| **(vii)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –<br>कथन (A): मैं बचपन को बुला रही थी बोल उठी बिटिया मेरी<br>कारण (R): कवयित्री अपने बचपन के दिनों को याद कर रही थी तभी उसके बेटे ने उन्हें आवाज़ दी।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| **(viii)** | प्रस्तुत काव्यांश में कौन-सा रस है?<br>(क) हास्य रस<br>(ख) अद्भुत रस<br>(ग) वीर रस<br>(घ) वात्सल्य रस | |
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-** | **1x5=5** |
| **(i)** | अनन्या ने देश के एक बहुचर्चित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर स्टिंग ऑपरेशन किया। यह किस प्रकार की पत्रकारिता का हिस्सा है?<br>(क) विशेषीकृत पत्रकारिता | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) खोजपरक पत्रकारिता<br>(ग) एडवोकेसी पत्रकारिता<br>(घ) वैकल्पिक पत्रकारिता | |
| **(ii)** | उचित मिलान को दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए-<br>**अ** **ब**<br>(I) समाचार को रद्द करने का निर्देश (i) फ़्लैश<br>(II) अत्यंत महत्त्वपूर्ण समाचार का पहला भाग (ii) कवर<br>(III) किसी घटना की रिपोर्ट तैयार करना (iii) किल<br>(क) (I)-(i), (II)-(ii), (III)-(iii)<br>(ख) (I)-(iii), (II)-(i), (III)-(ii)<br>(ग) (I)-(ii), (II)-(iii), (III)-(i)<br>(घ) (I)-(iii), (II)-(ii), (III)-(i) | |
| **(iii)** | 'एक साहित्यिक की डायरी' किसकी रचना है?<br>(क) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की<br>(ख) रामवृक्ष बेनीपुरी की<br>(ग) ऐनी फ्रैंक की<br>(घ) राहुल सांकृत्यायन की | |
| **(iv)** | किसी समाचार-पत्र के संपादक का व्यक्तित्व किस पृष्ठ पर मुखरित होता है?<br>(क) पेज थ्री<br>(ख) संपादकीय<br>(ग) येलो पेज<br>(क) मुख पृष्ठ | |
| **(v)** | पीत पत्रकारिता का संबंध किस प्रकार के समाचारों से है?<br>(क) सनसनीखेज समाचारों से<br>(ख) वैश्विक दैनिक समाचारों से<br>(ग) अर्थजगत के समाचारों से<br>(घ) फ़िल्मी दुनिया से संबंधित समाचारों से | |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**<br>शत-शत निर्झर-निर्झरणी-कल<br>मुखरित देवदारु कानन में<br>शोणित धवल भोज पत्रों से<br>छाई हुई कुटी के भीतर<br>रंग-बिरंगे और सुगंधित<br>फूलों से कुंतल को साजे,<br>इन्द्रनील की माला डाले<br>शंख-सरीखे सुघढ़ गलों में<br>कानों में कुवलय लटकाए<br>शतदल लाल कमल वेणी में,<br>रजत-रचित मणि-खचित कलामय<br>पान-पात्र द्राक्षासव पूरित<br>रखे सामने अपने-अपने<br>लोहित चंदन की त्रिपदी पर | **1x6=6** |

| | | |
|---|---|---|
| | नरम निदाग बाल-कस्तूरी<br>मृगछालों पर पलथी मारे,<br>मदिरारुण आँखों वाले उन<br>उन्मद किन्नर-किन्नरियों की<br>मृदुल मनोरम अँगुलियों को<br>वंशी पर फिरते देखा है।<br>बादल को घिरते देखा है। | |
| **(i)** | देवदारु कानन में किसका निनाद गूँज रहा है?<br>(क) सैकड़ों छोटी-बड़ी नदियों का<br>(ख) सैकड़ों छोटे-बड़े झरनों का<br>(ग) सैकड़ों छोटे-बड़े पक्षियों का<br>(घ) सैकड़ों छोटी-बड़ी मधुमक्खियों का | |
| **(ii)** | हिमालय के उस स्थान पर झोंपड़ियाँ किसके पत्तों से बनी हैं?<br>(क) पान के पत्तों से<br>(ख) भोज वृक्ष के पत्तों से<br>(ग) ईंख के पत्तों से<br>(घ) धान के डंठलों से | |
| **(iii)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-<br>(i) प्रस्तुत काव्यांश में हिमालय क्षेत्र में रहने वाली जनजातियों के सौंदर्य का वर्णन है।<br>(ii) किन्नर-किन्नरियों की आँखें मदिरापान के कारण लाल हैं।<br>(iii) किन्नर-किन्नरियों के हाथ की कोमल उंगलियाँ सितार पर फिर रही हैं।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (i)<br>(ख) केवल (ii)<br>(ग) (i) और (ii) दोनों<br>(घ) (i), (ii) तथा (iii) | |
| **(iv)** | किन्नरियों के गले की तुलना किससे की गई है?<br>(क) मछली से<br>(ख) कुंभ से<br>(ग) शंख से<br>(घ) कमल से | |
| **(v)** | किन्नर-किन्नरियों को उन्मद क्यों कहा गया है?<br>(क) मदिरापान के प्रभाव के कारण<br>(ख) देवदार के वृक्षों के कारण<br>(ग) सुंदर वेशभूषा के कारण<br>(घ) इन्द्रनील की माला के कारण | |
| **(vi)** | प्रस्तुत काव्यांश में कौन-सा काव्य-गुण है?<br>(क) प्रसाद गुण<br>(ख) माधुर्य गुण<br>(ग) ओज गुण<br>(घ) औदात्य गुण | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 5.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**<br>जो लोग अपने को देश हितैषी लगाते हों, वह अपने सुख को होम करके, अपने धन और मान का बलिदान करके कमर कस के उठो। देखादेखी थोड़े दिन में सब हो जाएगा। अपनी खराबियों के मूल कारणों को खोजो। कोई धर्म की आड़ में, कोई देश की चाल की आड़ में, कोई सुख की आड़ में छिपे हैं। उन चोरों को वहाँ-वहाँ से पकड़-पकड़कर लाओ। उनको बाँध-बाँधकर कैद करो। हम इससे बढ़कर क्या कहें कि जैसे तुम्हारे घर में कोई पुरुष व्यभिचार करने आवै तो जिस क्रोध से उसको पकड़कर मारोगे और जहाँ तक तुम्हारे में शक्ति होगी उसका सत्यानाश करोगे। उसी तरह इस समय जो-जो बातें तुम्हारे उन्नति-पथ में काँटा हों, उनकी जड़ खोदकर फेंक दो। | **1x6=6** |
| **(i)** | "जो लोग अपने को देश हितैषी लगाते हों" इस पंक्ति में 'देश हितैषी' से तात्पर्य है-<br>(क) राजनीतिक दल के नेता<br>(ख) देश-भक्त<br>(ग) विदेशी राजनयिक<br>(घ) विलायत से शिक्षा प्राप्त अर्थशास्त्री | |
| **(ii)** | गद्यांश के अनुसार कौन-सा वाक्य सही है?<br>(क) अपनी खराबियों के मूल कारणों को खोजने में समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए<br>(ख) घर में व्यभिचार करने आए व्यक्ति का सत्कार करना चाहिए<br>(ग) विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना चाहिए<br>(घ) देश के लिए अपने सुख, धन और मान का बलिदान करना बेमानी है | |
| **(iii)** | लेखक छुपे हुए चोरों को बाँधकर कैद करने के लिए क्यों कहता है?<br>(क) क्योंकि ऐसे लोग देश की प्रगति में अपना सार्थक योगदान देते हैं<br>(ख) क्योंकि ऐसे लोग सदैव देश को लूटने में लगे होते हैं<br>(ग) क्योंकि ऐसे लोग विदेशों में देश का मान-सम्मान बढ़ाते हैं<br>(घ) क्योंकि ऐसे लोग हिंसक पशु के समान होते हैं | |
| **(iv)** | लेखक व्यभिचार करने आए पुरुष के साथ कैसा व्यवहार करने के लिए कहता है?<br>(क) यथाशक्ति आदर-सत्कार<br>(ख) यथाशक्ति विरोध<br>(ग) यथाशक्ति मान-सम्मान<br>(घ) उम्रकैद | |
| **(v)** | 'कमर कसना' मुहावरा से तात्पर्य है-<br>(क) कैद करना<br>(ख) तैयार होना<br>(ग) हार मान लेना<br>(घ) क्रोधित होना | |
| **(vi)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–<br>कथन (A): जो-जो बातें तुम्हारे उन्नति-पथ में काँटा हों, उनकी जड़ खोदकर फेंक दो।<br>कारण (R): लेखक के अनुसार विकास में बाधक तत्वों के जड़ में हमेशा खाद-पानी डालते रहना चाहिए।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| **प्रश्न 6.** | **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए –** | **1x5=5** |
| **(i)** | 'आवारा मसीहा' पाठ के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-<br>(i) शरत् के पिता बेहद कठोर अनुशासन वाले साहित्य-संगीत विहीन शुष्क प्रकृति के व्यक्ति थे। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) शरत् अपने बाल्यकाल में किसी बंधन, निषेध या कठोर अनुशासन में बँधकर रहना नहीं चाहता था।<br>(iii) जीवनी में किसी व्यक्ति के जीवन का घटनाओं का तथ्यपरक किन्तु साहित्यिक सरसतापूर्ण वर्णन होता है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (ii)<br>(ख) केवल (i)<br>(ग) (i) और (ii) दोनों<br>(घ) (ii) और (iii) दोनों | |
| **(ii)** | गांगुली परिवार में किस कार्य को शास्त्र में समुद्र यात्रा के समान काल माना जाता था?<br>(क) पतंग उड़ाना<br>(ख) लट्टू घुमाना<br>(ग) गोली खेलना<br>(घ) गुल्ली-डण्डा खेलना | |
| **(iii)** | निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-<br>(i) मोतीलाल – शरत के मामा<br>(ii) भुवनमोहिनी – शरत की माता<br>(iii) केदारनाथ गंगोपाध्याय- शरत के दादा<br>(iv) ठाकुरदास – शरत के पिता<br>इन युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं?<br>(क) केवल (i)<br>(ख) (i) और (ii) दोनों<br>(ग) केवल (ii)<br>(घ) (ii) और (iii) दोनों | |
| **(iv)** | मकबूल ने पहली ऑयल पेंटिंग बनाने का निश्चय किसे देखकर किया?<br>(क) गांधी जी को देखकर<br>(ख) फिल्मी इश्तिहार को देखकर<br>(ग) पेंचवाली पगड़ी को देखकर<br>(घ) बेन्द्रे की पेंटिंग देखकर। | |
| **(v)** | प्रतिभा के विकास का सही अवसर तथा मार्गदर्शन मिलने से सफलता अवश्य मिलती है यह बात किस पर चरितार्थ होती है?<br>(क) मुराद अली<br>(ख) मकबूल<br>(ग) बेंद्रे साहब<br>(घ) मुबारक अली | |
| | **खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **प्रश्न 7.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में दृश्य लेखन कीजिए।**<br>सर्दी की एक सुबह<br>**अथवा**<br>विद्यालय का मेगा पी.टी.एम समारोह | **5x1=5** |
| **प्रश्न 8. (क)** | **निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।**<br>एक राष्ट्रीय स्तर के अखबार को क्षेत्रीय स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता है। अपनी योग्यताओं का उल्लेख करते हुए इस पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखें।<br>**अथवा** | **5x1=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | अपनी कॉलोनी के निवासियों को हो रही असुविधा का उल्लेख करते हुए दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारी को कॉलोनी के नजदीक एक बस स्टॉप बनवाने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। | |
| **(ख)** | कला संगम, दिल्ली द्वारा जनकपुरी आयोजित नृत्य और गायन प्रतियोगिता पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>सर्वोदय विद्यालय ,रोहिणी में पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण तथा पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में इको-क्लब की बैठक संपन्न हुई। उसमें जिन विषयों पर चर्चा हुई और जो निर्णय लिए गए, उनका कार्यवृत्त लिखिए। | **3x1=3** |
| **प्रश्न 9.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)**<br><br>**(ii)** | इस दौर में समाचार मीडिया बाज़ार को हड़पने के लिए अधिकाधिक लोगों का मनोरंजन तो कर रहा है लेकिन जनता के मूल सरोकार को दरकिनार करता जा रहा है। इस कथन की व्याख्या करें।<br>पटकथा लेखन में फ़्लैशबैक तकनीक और फ़्लैश फ़ॉरवर्ड तकनीक को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 10.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)**<br>**(ii)**<br>**(iii)** | 'खेलन में को काको गुसैयाँ' पद में सूर ने बाल स्वभाव का वर्णन किया है। उसे स्पष्ट कीजिए।<br>'बादल को घिरते देखा है' कविता में नागार्जुन ने प्रकृति के सौन्दर्य का यथार्थ वर्णन किया है। स्पष्ट कीजिए।<br>'हस्तक्षेप' कविता सत्ता की क्रूरता और उसके कारण पैदा होने वाले प्रतिरोध की कविता है।' स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 11.** | **निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें -** | **6x1=6** |
| | साँसनि ही सौं समीर गयो अरु, आँसुन ही सब नीर गयो ढरि।<br>तेज गयो गुन लै अपनो, अरु भूमि गई तन की तनुता करि।।<br>'देव' जियै मिलिबेही की आस कि, आसहू पास अकास रह्यो भरि,<br>जा दिन तै मुख फेरि हरै हँसि, हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि।।<br>**अथवा**<br>अचल हिमगिरि के हृदय में आज चाहे कंप हो ले,<br>या प्रलय के आँसुओं में मौन अलसित व्योम रो ले<br>आज पी आलोक को डोले तिमिर की घोर छाया,<br>जागकर विद्युत-शिखाओं में निठुर तूफ़ान बोले!<br>पर तुझे है नाश-पथ पर चिह्न अपने छोड़ आना!<br>जाग तुझको दूर जाना! | |
| **प्रश्न 12.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** | **2x2=4** |
| **(i)**<br><br>**(ii)**<br>**(iii)** | 'सवाल के पाँव जमीन में गहरे गढ़े हैं। यह उखड़ेगा नहीं।' इस कथन में मनुष्य की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत है और क्यों? 'टार्च बेचने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।<br>'ज्योतिबा और सावित्री बाई ने अपने मिशन को पूरा किया।' उनका मिशन क्या था और उन्होंने उसे कैसे पूरा किया?<br>"चल! ये लोग म्हारा घर ना बणने देंगे।' सुकिया के इस कथन के पीछे छिपी उसकी मनोदशा को स्पष्ट कीजिए। | |
| **प्रश्न 13.** | **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें -** | **6x1=6** |
| | जिस दिन तुम्हें यह पत्र मिलेगा उसके सवेरे मैं बाल अरुण के किरण-रथ पर चढ़कर उस ओर चला जाऊँगा। मैं चाहता तो अंत समय तुमसे मिल सकता था, मगर इससे क्या फायदा! मुझे विश्वास है तुम मेरी जन्म-जन्मातंर की जननी ही रहोगी। मैं तुमसे दूर कहाँ जा सकता हूँ! माँ! जब तक पवन साँस लेता है, सूर्य चमकता है, समुद्र लहराता है, तब तक कौन मुझे तुम्हारी करुणामयी गोद से दूर खींच सकता है? दिवाकर थमा रहेगा, अरुण रथ लिए जमा रहेगा! मैं, बंगड़ वह, यह सभी तेरे इंतजार में रहेंगे। | |
| **प्रश्न 14.** | **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-** | **3x1=3** |
| **(i)**<br>**(ii)** | 'प्रतिभा छुपाये नहीं छुपती' कथन के आधार पर मकबूल फिदा हुसैन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।<br>'आवारा मसीहा' पाठ में अनेक अंश बालसुलभ चंचलताओं, शरारतों को बहुत रोचक ढंग से उजागर करते हैं। आपको कौन-सा अंश अच्छा लगा और क्यों? वर्तमान समय में इन बालसुलभ क्रियाओं में क्या परिवर्तन आए हैं? | |